

रोहित शर्मा

मुस्कुराते हुए रिटायरमेंट का जिक्र

भाजन

गौरवशाली परंपरा का १०७ वर्ष



यामी गौतम

'नई नवेली' ने आठ दिनों में की 30 करोड़ का कारोबार

पटना, सोमवार, २६ अक्तूबर, २०२६ सौर ८ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ★★ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा

पूर्णिया के मखाना की होगी विदेशों में निर्यात

'मन की बात' में चर्चा, सीएम ने जताया आभार

(आज समाचार सेवा)

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में बिहार के पूर्णिया के मखाना की विदेशों में निर्यात किये जाने की बात कहे जाने पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उनके प्रति आभार जताया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी ने मन की बात के माध्यम से निरन्तर जमीन हुनर और स्थानीय उत्पादों को संबल दिया है। पूर्णिया के मखाना का राष्ट्रीय मंच से उल्लेख किये जाने से सीमांचल समेत पूरे बिहार के मखाना उत्पादक किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं और ग्रामीण उद्यमियों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। उनका यह संबोधन बिहार की ब्रांडिंग और वैश्विक पहचान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का वोकल फौर लोकल का संदेश स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने, उनकी बेहतर पैकेजिंग एवं विपणन तथा स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को नये अवसर उपलब्ध कराने की दिशो में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में अंगदान के प्रति लोगों में जागरूकता, ई-संजीवनी, विज्ञान एवं अनुसंधान, ब्रेन रिसर्च, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेस जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग से जुड़े विषयों पर चर्चा की गयी। इससे देश को ज्ञान, अनुसंधान और तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : निशांत

पटना (आससे)। बिहार में खाद्य संरक्षा विभाग द्वारा मिलावट और अस्वच्छता के खिलाफ बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी जांच अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत और खाद्य संरक्षा आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर अब तक 531 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा चुका है. इनमें सबसे

बिहार में खाद्य सरंक्षा विभाग ने की 531 प्रतिष्ठानों की जांच, 2 के लाइसेंस निलंबित, 15 पर केस दर्ज

अधिक 87 प्रतिष्ठानों की जांच अकेले पटना में हुई है। इस कार्रवाई के दौरान मानकों का उल्लंघन करने पर 2 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं और 15 के खिलाफ कानूनी (अभियोजन) कार्रवाई शुरू की गई। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर जानकारी दी।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने बताया कि प्रदेश में मिलावटी, नकली एवं गुणवत्ताहीन खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं वितरण पर नियंत्रण स्थापित



करना तथा आम लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

इसी उद्देश्य के तहत खाद्य संरक्षा विभाग द्वारा राज्यभर के खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, सुरक्षित भंडारण, रसोई की स्वच्छता, खाद्य संरक्षा मानकों के अनुपालन और वैध लाइसेंस की जांच की जा रही है। इस अभियान के तहत राजधानी पटना सहित प्रदेश के प्रमुख होटल, रेस्तरां, मिठाई प्रतिष्ठान, खाद्य निर्माण इकाइयां और पैकेज्ड पेयजल से जुड़े कारोबार विशेष रूप से जांच के दायरे में हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 531 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है। इनमें पटना में सर्वाधिक 87 निरीक्षण दर्ज किए गए हैं। इसी दौरान दो प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए तथा 15 प्रतिष्ठानों के विरुद्ध अभियोजन दायर किया गया है। खाद्य संरक्षा मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार संबंधी नोटिस भी जारी किए गए हैं। जांच के दौरान मुख्य रूप से दूध, पनीर, दही, घी, तेल, मिठाइयों, आटा, मैदा, पैकेज्ड चिकन एवं बोतलबंद पेयजल जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

(शेष पृष्ठ ९ पर)

नीतीश से मेरी कोई दूरी नहीं, जनता मालिक देगी जवाब : अनंत सिंह

जदयू से निकाले जाने के बाद बोले- नयी पार्टी बना लेंगे

मोकामा (आससे)। मोकामा के विधायक अनंत सिंह को जदयू ने 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है. पार्टी से निकाले जाने के बाद अनंत सिंह ने बड़ा बयान दिया है. अनंत सिंह ने दावा किया है कि वो अपनी पार्टी बना लेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें पार्टी से निकाले जाने का कोई गम नहीं है.



जदयू से निकाले जाने के बाद अनंत सिंह ने पार्टी और नीतीश कुमार को लेकर अपनी बात रखी. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार से उनकी कोई दूरी नहीं है और वह उनकी बुराई कभी नहीं करेंगे. अनंत सिंह ने पार्टी के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता मालिक है और वह अपने तरीके से जवाब देगी. अनंत सिंह ने कहा कि, जो कार्रवाई किया है वो बढ़िया किया है. हमको कोई दिक्कत नहीं है. पार्टी नीतीश जी का था. नीतीश जी खुद रहे है तो पार्टी में कौन योगदान मिला. उन्होंने कहा कि उन्हें जिसने पार्टी से निकाला है उसमें कोई दम नहीं है. नीतीश जी का पार्टी था. नीतीश जी खत्म हो गए, पार्टी भी खत्म हो गया.

अनंत सिंह ने कहा कि जनता ही असली मालिक है और वह हर फैसले का जवाब देगी. उन्होंने कहा, हम गलत हैं तो हमको जनता जवाब देगी. पार्टी गलत है तो पार्टी को जवाब देगी. उन्होंने यह भी कहा कि जनता जिसे सही समझेगी, उसी के अनुसार फैसला करेगी.

आगे की राजनीतिक रणनीति और चुनाव लड़ने के सवाल पर अनंत सिंह ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया. उन्होंने कहा कि अभी इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी. जदयू में अपनी भूमिका और भविष्य की संभावनाओं को लेकर उन्होंने पार्टी पर ही फैसला

(शेष पृष्ठ ९ पर)

वाराणसी में 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो

नमो घाट पर पीएम मोदी, सीएम योगी और राजनाथ सिंह रहे मौजूद

वाराणसी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रविवारको वाराणसी का आसमान भारतीय वायु सेना की युद्धक क्षमता, आधुनिकीकरण और तकनीकी प्रगति का साक्षी बना। 'विंग्स ओवर गंगा' के जरिए भारतीय वायु सेना ने यह प्रदर्शित किया कि वह पारंपरिक हवाई शक्ति के साथ-साथ आधुनिक युद्ध की बदलती चुनौतियों के लिए भी अपनी क्षमताओं को लगातार विकसित कर रही है। गंगा के तट पर यह आयोजन भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों, आधुनिक हथियारों, पायलटों के कौशल और तीनों सेनाओं के बीच संयुक्त तालमेल को एक साथ प्रस्तुत करने वाला खास प्रदर्शन रहा। प्रधानमंत्री एयर शो में शामिल होने के लिए रोड शो करते हुए

(शेष पृष्ठ ९ पर)



नियुक्ति का इंतजार कर रहे 2355 डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने नीतीश से लगायी गुहार

पटना (आससे)। बेल्ट्रॉन द्वारा चयनित 5000 डाटा एंट्री ऑपरेटरों के पैनल में शामिल शेष 2355 अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग का मामला अब जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंच गया है. चयनित अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड आवासीय कार्यालय में उनसे मुलाकात कर जल्द नियुक्ति कराने की मांग की.

इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता एवं विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ और मुख्य सचेतक संजय गांधी भी उपस्थित रहे.

प्रतिनिधिमंडल के अनुसार,

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पटना में खरगे का पीएम पर विवादित बयान

युवक ने जताया विरोध तो कांग्रेस वर्कर्स ने कर दी पिटाई



पटना (आससे)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरेगे पटना दौरे पर हैं. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर उनके एक बयान पर विवाद हो गया. डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की 139वीं जयंती के कार्यक्रम में खड़गे के संबोधन के बीच एक व्यक्ति ने विरोध जताया. इसके बाद खड़गे ने प्रधानमंत्री को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी. इसके बाद कार्यकर्ताओं ने शख्स को पकड़ कर उसकी पिटाई कर दी.

यह कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में आयोजित किया गया था. खरगे के जवाब के बाद वहां मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध जताने वाले शख्स को पकड़ लिया. इस घटना के अलावा खड़गे ने अपने भाषण में केंद्र सरकार, बीजेपी और आरएसएस पर भी निशाना साधा. उन्होंने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कई राज्यों में बनी सरकारों को हटाने की मांग की.

खरगे के संबोधन के दौरान एक व्यक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अपनी बात कही. उसने कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जाएंगे. इस पर खड़गे ने प्रधानमंत्री को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की. उनके जवाब के बाद कार्यक्रम में हंगामा शुरू हो गया. वहां मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उस शख्स को पकड़ लिया. इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उसकी पिटाई कर दी.

खरगे ने इसके बाद अपने भाषण में केंद्र और राज्य सरकारों पर हमला बोला. उन्होंने बिहार समेत पिछले दो साल में जहां-जहां बीजेपी की सरकारें

(शेष पृष्ठ ९ पर)



अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के गिरोह का भंडाफोड़

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बताया कि एक अंतरराष्ट्रीय नशीले पदार्थों के गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। सुरक्षा बलों ने असम, मिजोरम और मणिपुर से 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने उस टीम को बधाई दी, जिसमें केंद्रीय एजेंसियों के सदस्य और तीनों राज्यों के पुलिसकर्मी शामिल थे।

अमित शाह ने ऑपरेशन ट्राइडेंट के जरिये नशाखोरों को दी चेतावनी, नॉर्थ-ईस्ट में 38 जगहों पर छापेमारी 1,424 बैंक खाते फ्रीज करोड़ों की संपत्ति जब्त

जानकारी दी। अमित शाह ने बताया कि यह नेटवर्क डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर के जरिए भारत, म्यांमार और बांग्लादेश की सीमाओं के पार नशीले पदार्थों की तस्करी करता था। एक्स पर अपनी पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि यह ऑपरेशन 31 दिसंबर, 2029 तक भारत को नशा मुक्त बनाने के केंद्र सरकार के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश तब तक प्रहार करता रहेगा, जब तक कि नशीले पदार्थों के इन गिरोहों (नार्को-कार्टेल) का पूरी तरह से सफाया नहीं हो जाता। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी एजेंसियों ने 23 अक्टूबर को असम, मिजोरम और मणिपुर में 38 जगहों पर एक साथ छापेमारी की और नशीले पदार्थों के एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने आगे कहा, इस ऑपरेशन में 100 करोड़ रुपये के हवाला लेनदेन का पता चला, 1,424 बैंक खाते फ्रीज

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राइब करें

'वोकल फॉर लोकल' से दुनिया के बाजारों तक पहुंच रहे भारतीय उत्पाद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 139वां एपिसोड रहा। पीएम मोदी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम एक तीर्थयात्रा जैसा है। पीएम मोदी ने त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना हमारे उत्पादों को दुनिया भर के बाजारों तक पहुँचा रही है। साथ ही पीएम मोदी ने लोगों को कपास की खेती को लेकर खासा जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि पंजाब में 'खेती विरासत मिशन' नाम की एक संस्था ने ऑर्गेनिक और पारंपरिक कृषि के तौर-तरीकों को नया जीवन देना शुरू किया। इस टीम के लोग पंजाब के मालवा क्षेत्र में कपास की प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना

मन की बात



चाहते थे। इस पहल को नाम 'नव-त्रिन्जन' दिया गया।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के आदिवासी समुदायों ने अपने उत्पादों की पैकेजिंग पर बहुत ध्यान दिया है। यहां 'शबरी नेचुरल्स' के जरिए शहद, महुआ, चीड़ और बांस से बने उत्पादों को बाज़ार में लाया जा रहा है। इनकी पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप देखने को मिलती है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस पैकेजिंग को जापान का प्रतिष्ठित 'गुड डिज़ाइन अवार्ड' मिला है।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दीवाली और छठ के पवित्र त्योहार बस कुछ ही दिन दूर हैं। इसके लिए जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। यह जरूरी है कि हम उन जगहों को साफ रखें जहां

(शेष पृष्ठ ९ पर)

